भारत सरकार द्वारा स्वीकृत पं0 सं0 46588/88

फरीदाबाद से प्रकाशित

निष्पक्ष एवं निर्भीक

फरीदाबाद दर्शन

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

वर्ष : 31 अंक: 19 9650753026 9891990785

सम्पादक : शिवकुमार ओझा

faridabaddarshan@gmail.com

शुक्रवार, 29 जून 2018

एक प्रति 1/- रूपया

वार्षिक चन्दा डाक सहित 50/- रूपये

डाक रजि नं0 L-2/Faridabad/313/2018-20

कालाधन पर जेटली हुए सख्त

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली ने चेतावनी दी कि स्विस बैंकों में अवैध रुप से धन जमा कराने वाले भारतीयों की पहचान छुपाना अब मुश्किल होगा और ऐसे लोगों पर कालाधन रोधी कानून के तहत सख्त दंडात्मक कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि अगले साल जनवरी से वहां भारतीयों के खातों के बारे में तत्काल स्विट्जरलैंड से सूचनाओं का मिलना शुरु हो जाएगा। स्विस नेशनल बैंक के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार 2017 में भारतीयों द्वारा जमा कराए जाने वाले धन में 50% से अधिक की वृद्धि हुई है। इस दौरान भारतीयों का स्विस बैंक में 7000 करोड़ रुपये जमा था जबकि इससे पिछले लगातार तीन साल वहां भारतीयों की जमा में गिरावट दर्ज की गयी थी। जेटली ने अपने ब्लॉग में कहा कि आज एक खबर छपी है कि स्विस बैंकों में भारतीयों का धन बढ़ा है। इसकी वजह से कुछ हलकों से गलत जानकारी के आधार पर प्रतिक्रिया आयी और इसने सरकार के कालाधन रोधी कदमों के प्रयासों के परिणाम पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि स्विट्जरलैंड हमेशा से जानकारियों को साझा करने में अनिच्छुक रहा है। आल्पाइन देशों ने अपने घरेलू कानूनों को संशोधित किया है जिनमें सूचना सार्वजनिक करने के नियम भी शामिल हैं। इन देशों ने भारत के साथ वास्तविक समय में जानकारियां साझा करने की संधि पर हस्ताक्षर किए हैं और इससे भारत को उसी समय जानकारी मिल जाएगी जब कोई भारतीय वहां धन जमा करेगा। जेटली ने कहा कि जनवरी 2019 से यह जानकारी आने लगेगी। अवैध रुप से धन जमा करने वाले किसी भी जमाकर्ता को यह पहले से पता होगा कि कुछ महीनों में उनका नाम सार्वजनिक होना ही है और उन पर भारत में कालाधन रोधी कानूनों के तहत कड़ी दंडात्मक कार्रवाई होनी है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस मामले पर सार्वजनिक बहस कर रहे हैं उन्हें इन आधारभूत तथ्यों को समझना चाहिए।

डाक टिकट की व्यवस्था चौपट

फरीदाबाद, जून । एनआईटी नेहरू ग्राउण्ड स्थित मुख्य डाकघर में पिछले कई माह से 25 पैसे वाला टिकट नदारद है। टिकट कर्मचारी से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कम्प्यूटर सिस्टम के ऑनलाईन प्रणाली में कमी बता कर अपना पल्ला झाड़ लिया। जैसा कि ज्ञात हो कि कुछ माह पूर्व सभी डाक विभाग के कम्प्यूटर सर्वरों में कुछ बदलाव किया गया था, परन्तु उस बदलाव में डाक टिकट का ना मिलना तर्कसंगत नहीं लगता है। 25 पैसे की टिकट ना मिलने से कई लोग परेशान है, जिसमें सर्वाधिक डाकपंजीयन के तहत आने वाले समाचार पत्र भी शामिल है। टिकट ना मिलने से समाचार पत्रों के आवागमन में भी परेशानी हो रही है। डाक विभाग इस ओर जल्द से जल्द सक्रियात्मक कार्यवाही कर टिकट उपलब्ध करायें ।

रोजगार मेले में 1800 युवाओं को मिली नौकरी

फरीदाबाद। फरीदाबाद में किसी रोजगार मेले में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में युवाओं को नौकरी मिली है और हरियाणा भर में इसी तरह रोजगार मेले आयोजित होते रहेंगे। ये दावा उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने मानव रचना एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में दो दिवसीय रोजगार मेले के समापन पर व्यक्त किया। इस रोजगार मेले में 4000 युवाओं ने नौकरी के लिए आवेदन किया और इंटरव्यू दिए जिनमें से 1800 युवाओं को नौकरी मिली है ।

इस रोजगार मेले में 18 क्षेत्रों की 100 से ज्यादा कंपनियों ने शिरकत की और युवाओं को 10,000 से लेकर 30,000 वेतन की नौकरी दी गई। रोजगार मेले में जेबीएम, विप्रो एपीवीआर, एक्सिस बैंक, बजाज कैपिटल, कार्वे, मुथूट ग्रुप, किंगडम ऑफ ड्रीम्स, एजिस जैसी बड़ी कंपनियों ने युवाओं की बड़े स्तर पर भर्ती की। युवाओं को जॉब लेटर देने के साथ-साथ उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार देने वाले औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया । इस मौके पर हरियाणा के उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय कौशल विकास निगम और हरियाणा सरकार के संयुक्त प्रयास से भिवानी हिसार गुड़गांव और हरियाणा के अन्य शहरों में भी नियमित अंतराल पर रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्किल्ड करने के साथ-साथ उनके लिए देशभर में रोजगार के समान अवसर पर पैदा करना बीजेपी सरकार की प्राथमिकता है और उनका प्रयास रहेगा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस मिशन में हरियाणा सबसे आगे हो ।

उन्होंने नौकरी पाने वाले युवाओं को शुभकामनाएं दी और जिन युवाओं का चयन नहीं हो पाया उनके लिए ट्रेनिंग देने के साथ-साथ भविष्य में रोजगार मेलों में आमंत्रित करने का भी आश्वासन दिया। विपुल गोयल ने इस रोजगार मेले में युवाओं को नौकरी देने वाले सभी औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों को सम्मानित भी किया।

पानी के संकट से जूझता फरीदाबाद शहर

फरीदाबाद, जून। ग्रेटर फरीदाबाद से बोस्टर पानी की सप्लाई फरीदाबाद के कई जगहों पर की जाती है, परन्तु पिछले कई माह से ये सप्लाई अनियमित रूप से चल रही है। ओल्ड फरीदाबाद स्थित बाबा फरीदपार्क से पानी की सप्लाई नई अग्रवाल सदन के पीछे वाली रोड पर होती है, परन्तु पिछले कई-कई महीनों से पानी की सप्लाई सुचारू रूप से नहीं हो रहीं। पानी की समस्या कई-कई दिनों तक बनी रहती है। दिन में पानी आता ही नहीं। अगर आता भी है तो सुबह और शाम केवल बूंद-बूंद पानी के दर्शन करा कर वापस चला जाता है। इस संदर्भ में पार्षद महोदय भी व्यवस्था का सुचारू करने में असक्षम रहे हैं। इस समस्या के बारे में मन्त्री एवं अधिकारियों को भी पता है, परन्तु कोई ठोस कार्यवाही अभी तक नहीं हुई। गर्मी होने के कारण लोग पानी की समस्या को लेकर काफी परेशान है। लोगों का कहना है कि भाजपा के शासन में पानी की समस्या कुशासन का प्रतीक बन रही है । इस क्षेत्र में जब से बोस्टर के पानी की सप्लाई हुई है तभी से ये समस्या बनीं हुई है। इस पूर्व ट्यूबवैल होने से पानी की सप्लाई सुचारू रूप से चल रही थी। स्थानीय क्षेत्र की जनता मंत्री महोदय एवं अधिकारीगणों से मांग करती है कि जल्द से जल्द पानी की समस्या से लोगों को निजात दिलाया जाए अन्यथा यहां की जनता सरकार के विरूद्ध धरना देने पर विवश हो जाएगी ।

डाकखाने में शौचालय की व्यवस्था गडबड़ाई

फरीदाबाद, जून । फरीदाबाद के 4नं0 स्थित डाकखाना जहां पर सभी पत्रों की छटनी का कार्य किया जाता है, पर शौचालय की व्यवस्था गड़बड़ाई हुई है। कुछ समय पूर्व इस कार्यालय में शौचालय का निर्माण कार्य व्यवस्थित तरीके से कराया गया था, परन्तु आज इसी शौचालय में लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। पानी ना होने के कारण शौचालय गंदा पड़ा रहता है। गंदगी के कारण और पानी ना होने के कारण स्त्री-पुरूष सभी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कार्यालय के कर्मचारी भी इस परेशानी से काफी परेशान है। डाक विभाग के उच्चाधिकारियों से अपील की जाती है कि उपरोक्त जगह पर पानी की व्यवस्था को दुरूस्त किया जाए।

बिजली विभाग में सीए की कमी

फरीदाबाद, जून । दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम सैक्टर-19 डिवीजन के कार्यालय में पिछले कई माह से सीए पद रिक्त पड़ा हुआ है। ऐसे में बिलों को लेकर कई कार्य जो सीए द्वारा किये जाते हैं लंबित पड़े हुए हैं। विभाग में सीए की भूमिका अत्याधिक होने के कारण कार्यों को लेकर जनता काफी परेशान हैं। विभाग को स्वयं सीए की कमी के चलते कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों से मांग की जाती है कि उपरोक्त पद पर जल्द से जल्द नियुक्ति की जाए ताकि उपभोक्ताओं को हो रही परेशानियों से बचाया जा सकें।

तुषार बंसल 9716291247 ॐ नमोः शिवाय 9312390175

अग्रवाल पनीर

शुद्ध पनीर, मावा, घी, दही, मक्खन, क्रीम दूध, सफल मटर आदि

नोट : नूडल्स, सोय चाप, दाल पिट्ठी भी मिलती है।

हमारे यहां शादी-पार्टी हेतु कोड्रिंग भी उपलब्ध है।

न्यू अहीरवाड़ा, नई अग्रवाल धर्मशाला के पीछे, ओल्ड फरीदाबाद (हरियाणा)

Chandiwale's 0129-4076622

GUPTA JEWELLERS

SHRI NARAIN PARSHAD BANWARI LAL AGGARWAL

HALL MARK JEWELLERY AVAILABLE

Gold & Silver Ornaments Dealer

6/322, MAIN BAZAR, OLD FARIDABAD

हरि ॐ तत्सत् मो0 9811562574 9871345531

पं0 मुकेश शास्त्री ज्योतिर्विद

चेयरमैन मार्केट कमेटी, फरीदाबाद

श्री पाराशर ज्योतिष शोध संस्थान (सर्व समस्या समाधान)

सागर रत्न केन्द्र (सभी प्रकार के असली नग)

म0न0 5/110, पुरानी अग्रवाल धर्मशाला के साथ

ओल्ड फरीदाबाद फोन: 0129-2263531

आगामी व्रत व त्यौहार

23 जून शनिवार। निर्जला एकादशी
25 जून सोमवार। प्रदोष व्रत (शुक्ल)
28 जून गुरुवार। ज्येष्ठ पूर्णिमा व्रत
1 जुलाई रविवार । संकष्टी चतुर्थी
9 जुलाई सोमवार । योगिनी एकादशी
10 जुलाई मंगलवार । प्रदोष व्रत (कृष्ण)
11 जुलाई बुधवार । मासिक शिवरात्रि
13 जुलाई शुक्रवार । ज्येष्ठ अमावस्या
14 जुलाई शनिवार । जगन्नाथ रथ यात्रा

TATA TISCON

ULTRA - TECH - CEMENT

Authorised Dealer :

चाँदी वाले

GUPTA PLYWOOD & STEELS

16/3 Mathura Road, (Near DPS School), Faridabad

Ph. : 0129-4040900, Mob. : 9953033333

शुद्धता की एकमात्र दुकान

बजाज स्वीट्स

★ स्पेशल नमकीन, पनीर के पकौड़े, मिक्स पकौड़े, समोसे, मसाला डोसा, चाऊमीन, छोले भटूरे, ढोकला आदि
★ देशी घी द्वारा निर्मित पतीसा, डोडा-पिन्नी
★ स्पेशल गाजर का हलुआ, आटे के गोंद के लड्डू
★ दूध द्वारा निर्मित मिठाईयां, रसमिलाई, छैना रसगुल्ला, प्लेन रसगुल्ला, छैना पाईज, छैनामुगी आदि

हमारे यहां पर कैटरिंग का काम उचित रेट पर किया जाता है ।

मेन बाजार, ओल्ड फरीदाबाद

मो0: 0129-2220949, 2296568

Phone : 4046445

A.K. WATCH COMPANY

Auth. Dealer :

TITAN, TIMEX, HMT, SONATA, CITIZEN, MAXIMA WATCHES

Link Road, Near Tail Mill, Old Faridabad

सम्पादकीय

विद्युत संकट का भूगोल

तरक्की को मापने के पैमाने हर युग में अलग-अलग रहे हैं। जब दुनिया भर में औद्योगिक क्रांति फैल रही थी, तो कोई देश कितनी तरक्की कर रहा है, यह इससे मापा जाता था कि वहां इस्पात की खपत कितनी है? आज के दौर में यह इससे नापा जाता है कि किस देश में ऊर्जा की प्रति व्यक्ति उपलब्धता और प्रति व्यक्ति मांग कितनी है? हमारे देश में इसकी मांग उपलब्धता से कहीं ज्यादा, और कहीं बहुत ज्यादा रही है। खासकर विद्युत ऊर्जा के मामले में, जिसे हम विद्युत संकट कहते हैं, वह और कुछ नहीं, मांग व उपलब्धता के इसी अंतर का नतीजा भर है। कोई भी संकट सिर्फ संकट नहीं होता, उससे बहुत सारी चीजें जुड़ जाती हैं। जैसे विद्युत संकट से जुड़ी हुई हैं पारेषण और वितरण की हानि, पूरी व्यवस्था का भ्रष्टाचार और विद्युत चोरी की घटनाएं। संकट जितना गहरा होता है, ये सारी समस्याएं भी उतनी ही विकट हो जाती हैं। इस उपलब्धता, मांग के अंतर और इन सारी समस्याओं की एक और बात यह है कि ये पूरे देश में समान नहीं हैं। इस संकट का एक भूगोल भी है और यही सबसे ज्यादा परेशान करने वाली बात है। यह सिर्फ समस्या को नहीं, उत्तर और दक्षिण के बढ़ते अंतर को भी बताता है। यह भी बताता है कि विकास और मानव विकास सूचकांक की स्थिति हर जगह अलग-अलग क्यों है? इसी अंतर का एक दिलचस्प पहलू है विद्युत कटौती के आंकड़े। ऊर्जा मंत्रालय ने हाल ही में देश भर में होने वाली विद्युत कटौती के जो आंकड़े पेश किए हैं, उनसे यह अंदाज लगाया जा सकता है कि उत्तर और दक्षिण के राज्य विद्युत के मामले में भी दो अलग-अलग छोर पर क्यों हैं। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में एक महीने में सिर्फ साढ़े चार घंटे बिजली गुल रहती है, जबकि झारखंड में 96 घंटे यानी पूरे चार दिन। इस मामले में उत्तर प्रदेश और बिहार अपने आप को झारखंड से बेहतर तो मान सकते हैं, लेकिन दक्षिण के राज्यों के मुकाबले वे काफी पीछे हैं। बिजली गुल होने के मामले भी दक्षिण के राज्यों में उत्तर के मुकाबले काफी कम हैं। अगर सिर्फ मई 2018 के आंकड़ों को ही लें, तो केरल में इस दौरान बिजली गुल होने की औसतन घटनाएं 1.8 थीं, जबकि उत्तर प्रदेश में ये 6.53 थीं, बिहार में 28, उत्तराखंड में 51, तो झारखंड में 93। लेकिन सबसे दिलचस्प हैं बिजली की चोरी के आंकड़े। दक्षिण के राज्यों में बिजली चोरी की घटनाएं उत्तर के राज्यों की तुलना में बहुत कम हो रही हैं। विद्युत के ये आंकड़े हमें तब मिले, जब इन दिनों उत्तर बनाम दक्षिण की एक ऐसी बेवजह बहस चल रही है, जिसकी हमें जरूरत नहीं है। विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य के आंकड़ों के साथ यह बताया जा रहा है कि उत्तर के राज्य दक्षिण के राज्यों के मुकाबले कितने पिछड़े हैं। इसी के साथ आबादी के आंकड़े भी पेश किए जा रहे हैं, जिनसे पता चलता है कि उत्तर के राज्य बढ़ती आबादी पर नियंत्रण के मामले में दक्षिण से कितना पीछे हैं। कई जगह इसी को उत्तर के पिछड़ेपन का कारण भी बताया जा रहा है। ये आंकड़े ठीक हो सकते हैं, लेकिन यह बहस कहीं ले जाने वाली नहीं है। मूल बात यह है कि दक्षिण के राज्य जहां पहुंच गए हैं, वहां तक जाना उत्तर के राज्यों का पहला लक्ष्य बनना चाहिए। जरूरी है कि दक्षिण आगे बढ़ने के मामले में उत्तर की प्रेरणा बनें और फिर सारे राज्य मिलकर आगे जाने के लिए स्पर्द्धा करें। राज्य उत्तर के हों या दक्षिण के, सभी को अभी और आगे जाना है।

पोस्टर ब्वॉय की चिंता

विवादास्पद शराब व्यवसायी विजय माल्या ने देश के सार्वजनिक बैंकों से लिया गया नौ हजार करोड़ रुपये का कर्ज उतारने की पेशकश की है। इसके लिए अपनी शराब कंपनी युनाइटेड ब्रेवरीज समेत अन्य संपत्तियां बेचने को तैयार हो गए हैं। इस खबर से हर भारतीय नागरिक को प्रसन्नता हुई होगी क्योंकि बैंकों में जमा पूंजी आम जनता की होती है, और इस भारी भरकम कर्ज के डूबने से देश को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। लेकिन यह सवाल अहम है कि बैंकों की कानूनी कार्रवाइयों के दौरान चोरी छिपे ब्रिटेन भाग जाने वाले इस शराब व्यवसायी का अचानक हृदय-परिवर्तन कैसे हो गया? दरअसल, पिछले सप्ताह प्रवर्तन निदेशालय ने विशेष अदालत से ''भगोड़ा आर्थिक अपराधी अध्यादेश-2018' के तहत विजय माल्या को ''भगोड़ा आर्थिक अपराधी'घोषित करने की मांग की है। इस नये कानून के तहत प्रवर्तन निदेशालय माल्या की करीब तेरह हजार पांच सौ करोड़ की संपत्ति जब्त करने की तैयारी में है। जाहिर है कि अपने खिलाफ कानून का वैंकि कसता हुआ देखकर माल्या ने संपत्ति बेचकर बैंकों का कर्ज चुकाने का प्रस्ताव किया है। माल्या और नीरव मोदी की तरह अनेक ऐसे कारोबारी हैं, जिन्होंने बैंकों से लिया कर्ज लौटाया नहीं है। विपक्षी पार्टियां माल्या और नीरव मोदी के सवाल पर जिस तरह से सरकार की घेराबंदी कर रही हैं, उससे जाहिर है कि आगामी दो हजार उन्नीस के लोक सभा चुनाव में एनपीए एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनेगा। इसीलिए केंद्र की भाजपा सरकार ने माल्या और नीरव मोदी जैसे मामलों में सख्त रुख अख्तियार किया है। माल्या के प्रत्यार्पण को लेकर भी सरकार सक्रिय है। हालांकि माल्या ने इस पूरे मामले में अपने को निदरेष साबित करने की पूरी कोशिश की है। संभव है कि उन्होंने जो आरोप लगाए हैं, उनमें कुछ सचाई भी हो, लेकिन न्यायिक प्रक्रिया का सामना करने के बजाय उन्होंने ब्रिटेन भाग जाने का फैसला किया। पर उनकी भगोड़े की छवि बनी तो इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार हैं। माल्या कर्ज वापस करने का कोई ठोस प्रस्ताव लेकर आते हैं, तो सरकार उनकी मदद कर सकती है। माल्या बैंकों का कर्ज लौटाने में सफल हो जाते हैं, तो यह एक मिसाल बन सकती है।

एपिक ने अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक दिवस के अवसर पर उम्मीद इंडिया बुक की घोषणा की

मुबंई, जून । एपिक टीवी-भारत का एकमात्र हिंदी भाषीय, भारतीय इन्फोटेनमेंट चैनल हैं, उम्मीद इंडिया बुक के पहले संस्करण का

विशेष अनावरण के साथ अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस का जश्न मना रहा है। उम्मीद इंडिया बुक इसी नाम के लोकप्रिय सीरीज पर आधारित है जिसे प्रतीभाशाली क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग द्वारा होस्ट किया गया था। 23 जून को हर साल मनाए जाने वाला, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस का लक्ष्य संपूर्ण विश्व में खेल में प्रतिभागिता को बढ़ावा देना है, लोगों को एकजुट करना है भले ही लोगों की आयु, लिंग कोई भी हो या उनमें खेलने की क्षमता कैसी भी हो। इस पहल को अधिक प्रभावी बनाते हुए, एपिक ने उम्मीद इंडिया के लिए एक दिवसीय प्रदर्शनी शेड्यूल की है। 2017 में प्रसारित हुये इस कार्यक्रम उम्मीद इंडिया ने ओलंपिक 2020 में सफल होने का लक्ष्य रखने वाले भारतीय खिलाडियों की अभूतपूर्व कहानियां दिखाई हैं। अक्रामक क्रिकेटर और टेलीविजन पर डेब्यूट करने वाले होस्ट विरेंद्र सहवाग द्वारा प्रस्तुत, उम्मीद इंडिया देश भर में यात्रा करता है और 13 स्पोर्टस-सितारों के प्रेरणादायक सफर और संघर्ष को दर्शाता है, जिसमें शामिल हैं- फ्रीस्टाइल रेसलर और ओलंपिक मेडलिस्ट साक्षी मलिक, पैरा ओलंपिक तैराक सुयश जाधव, शॉट-पुट प्लेयर ओम प्रकाश करहाना, स्प्रिंटर दूती चंद, जूडोका अवतार सिंह, रेसलर विनेश फोगाट, रोअर दत्तू भोकानल। बुक लॉन्च के अवसर पर वीरेंद्र सहवाग कहते हैं, मैं उम्मीद इंडिया बुक को लॉन्च करते हुए बहुत खुश हूं। इस शो का लक्ष्य स्पोर्टस् को आगे बढ़ाना है और ऐसे भारतीय स्पोर्टस्मेन के संघर्षों और उनकी उपलब्धियों को हाइलाइट करना है जो वाकई राष्ट्रीय पहचान और समर्थन के काबिल है। मुझे विश्वास है कि बुक इस मिशन को आगे बढ़ाएगी और यह बुक उभरते स्पोर्टस्पर्सनस् की पीढ़ीयों के लिए एक प्रेरणा होगी। इन विकास कार्यों पर टिप्पणी करते हुए,आदित्य पिट्टी, प्रबंधन निदेशक, एपिक टीवी ने कहा कि, एपिक पर हम ऐसी कहानियों को दिखाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हम अपनी ओर से हर तरह की उपलब्ध मीडिया का उपयोग करके हमारे दर्शकों को दिखाते हैं, और पुस्तकें मूल कहानीकार होती हैं।

निशुल्क नेत्र जांच कैम्प लगाया गया

फरीदाबाद, जून। मानव जनहित एकता परिषद के द्वारा एलपिस कान्वेंट स्कूल जीवन नगर फरीदाबाद में निशुल्क नेत्र जांच कैम्प लगाया गया। कैम्प में 21 लोगों का चयन मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए कराया गया। कैम्प में 408 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई, 300 लोगों को मुफ्त चश्में, दवाईयां वितरण की गईं। आयोजक सचिन तंवर ने कहा कि ऐसे कैम्प लगाने से जरूरतमंद लोगों को फायदा मिलता है। कार्यक्रम मे स्कूल के चेयरमैन एल० आर० मदान व राजेश मदान का विशेष सहयोग रहा। कैम्प में मुख्य रूप से संजीव कुशवाहा, मनीष शर्मा, वीरेंद्र चावला, सुनील यादव, किशनजीत ढंग, सरदार मनजीत सिंह, राजकुमार मामोरिया, मनोज पटेल, धर्मेंद्र पटेल, रोशन, अतुल, सचदेवा राणा, प्रताप यादव, राकेश चंडालिया, सचिन तिवारी, दीपक कथूरिया आदि लोग उपस्थित थे।

बिजली आपूर्ति सही करने के लिए कैबिनेट मंत्री ने की बैठक

फरीदाबाद: विधानसभा में लगातार बिजली के लंबे कट लगने की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने सेक्टर 17 स्थित अपने निवास पर दक्षिण हरियाणा विद्युत निगम और हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के अधिकारियों के साथ अहम बैठक की । इस बैठक में विपुल गोयल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ओल्ड फरीदाबाद और नहर पार के इलाकों में लग रहे लंबे कट पर लगाम लगाते हुए तमाम जरूरी कदम उठाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नए ट्रांसफार्मर लगाने के काम को जल्द पूरा किया जाए । विपुल गोयल ने जनता की शिकायतों को नजरअंदाज करने पर अधिकारियों को जमकर फटकार भी लगाई । उन्होंने उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के लिए जो नंबर जारी किए गए हैं वह 24 घंटे ऑन रहना चाहिए ।

साथ ही उद्योग मंत्री ने बिजली विभाग के अधिकारियों को नए नंबर जारी करने के भी आदेश दिए। इस बैठक में ट्रांसफार्मरों के चारों तरफ ग्रिल लगाने के भी उद्योग मंत्री ने आदेश दिए। फरीदाबाद विधानसभा में इन दिनों लगातार बिजली के अघोषित कट लगने की शिकायतें आ रही थी जिस पर उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने यह अहम बैठक बुलाई थी। इस मौके पर विपुल गोयल ने कहा की जन शिकायतों की अनदेखी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गर्मी और बरसात के मौसम में बिजली विभाग को अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए सभी जरूरी कदम उठाने होंगे

मुख्यमंत्री का मानसिक संतुलन खराब हो चुका है: आजाद भड़ाना

फरीदाबाद: मुख्यमंत्री मनोहर लाल का मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है और वो यह भी भूल चुके हैं कि क्या बोलना चाहिए, क्या नहीं। उक्त बयान कांग्रेसी नेता आजाद भड़ाना ने प्रैसवार्ता के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा कुलदीप बिश्नोई पर की गई टिप्पणी के सम्बंध में दिए। जिसमें मनोहर लाल ने कहा था कि 3 जून, 2011 को चौ. भजनलाल को मुख्यमंत्री बना रहे थे, मगर कुलदीप बिश्नोई ने स्वार्थवश उनको मुख्यमंत्री नहीं बनने दिया। इकराम खान व आलोक मेहता ने कहा कि 3 जून 2011 से पहले ही चौ. भजनलाल का स्वर्गवास हो चुका था। इसलिए मुख्यमंत्री को इस तरह की अशोभनीय एवं गैर जिम्मेदाराना टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। अपने इस बयान के लिए मुख्यमंत्री को माफी मांगनी चाहिए।

आजाद भड़ाना ने भगवान से मुख्यमंत्री को सद्बुद्धि दिए जाने और कुलदीप बिश्नोई की छवि खराब करने वाले बयान पर इस्तीफा देने की बात कहते हुए कहा कि

एक मुख्यमंत्री द्वारा इस तरह का ओछा बयान अशोभनीय है और उनको तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि या तो मुख्यमंत्री अपने बयान के लिए माफी मांगें, वरना हम कुलदीप बिश्नोई जी से मिलकर या पार्टी हाईकमान के आदेशानुसार जिला स्तर पर मुख्यमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।

उक्त नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री को उल-जलूल बातों में न पड़कर प्रदेश के विकास की ओर ध्यान देना चाहिए। आज प्रदेश की जनता बिजली, पानी के लिए तरस रही है और मुख्यमंत्री एवं उनके मंत्री मजे कर रहे हैं। इस अवसर पर उनके साथ राजेन्द्र वैष्णव, धीरज पंडित, योगेश शर्मा, अभिषेक भड़ाना, कंवरपाल लोहिया आदि मौजूद थे।

अग्रवाल वैश्य समाज महिला इकाई की लोकसभा अध्यक्षा नियुक्त

फरीदाबाद, जून। क्षेत्र की प्रमुख समाजसेवी रीना अग्रवाल को अग्रवाल वैश्य समाज महिला इकाई की लोकसभा अध्यक्षा नियुक्त किया गया है। समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने अपने गत दिवसीय फरीदाबाद दौरे के दौरान रीना अग्रवाल को नियुक्ति पत्र सौंपकर ये जिम्मेदारी दी है। ज्ञात रहे कि रीना अग्रवाल संगठन में काफी वर्षों से पलवल विधानसभा इकाई के तौर पर कार्य कर रहीं थी। संगठन के प्रति उनकी मेहनतए लगन व निष्ठा को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला व महिला प्रदेश अध्यक्षा सुशीला सर्राफ ने उन्हें ये जिम्मेवारी सौंपी है। अपनी नियुक्ति पर रीना अग्रवाल ने अशोक बुवानीवाला, सुशीला सर्राफ व युवा लोकसभा अध्यक्ष निकुंज गर्ग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है वह उस पर पूर्व की भांति खरा उतरेंगी। उन्होंने कहा कि वह शीघ्र ही जिला एवं विधानसभा स्तर पर समाज की महिला इकाईयों का गठन

करते हुए समाज की गतिविधियों को सक्रियता के साथ शुरू करेगी।

सैक्टर-12 में धूम-धाम से मनाई गई संत कबीर दास जयन्ती

फरीदाबाद, जून। संत कबीर दास जयन्ती आज यहां हुडा कन्वैंशन सैन्टर में बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ हरियाणा के उद्योग एवं पर्यावरण मंत्री विपुल गोयल ने दीप प्रज्जवलित करके किया। उन्होंने कहा कि संत कबीर दास कला से परिपूर्ण हिन्दुस्तान की एक धरोहर रहे हैं। वे जुलाहे का काम करते थे और पढ़े लिखे न होते हुए भी उन्होंने अपनी कविताओं और दोहों का साहित्य बना डाला। संत कबीर दास ने समाज में फैले रूढ़िवाद, जातिपाति भेदभाव, मूर्तिपूजा और अन्धविश्वास आदि कुरूतियों को जड़ से समाप्त किया और अपनी कविता और दोहों द्वारा उन्होंने जनजागरण का काम किया। उद्योग मंत्री ने कहा कि 500 साल बाद संत कबीर दास जयंती को प्रचारित करने का काम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। प्रधानमंत्री द्वारा रविदासए सूरदास व अम्बेडरकर आदि संतो की रचनाओं को प्रचारित-प्रसारित कर समाज में महापुरूषों को श्रद्धाजंलि देने का यह एक महान तरीका है। विपुल गोयल कबीर के दोहे का वर्णन किया कबीरा खड़ा बाजार में, मांगे सबकी खैर, ना काहू से दोस्ती, ना काहू से बैर।

उन्होंने कहा कि इस संसार में आकर कबीर अपने जीवन में यही चाहते थे कि सबका भला हो और संसार में किसी से दोस्ती न हो तो दुश्मनी भी न हो। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी इन दोहों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को आत्मसात करें।

उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पूरे प्रदेश को कबीर जयन्ती की शुभकामनाएं दी। आज पूरे प्रदेश के लगभग सभी जिलों में कबीर जयन्ती को मनाया गया। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि यदि हर आदमी कबीर के तीन.तीन दोहों को अपने जीवन में उतार लें तो उनके जीवन में ज्ञान का अभाव कभी नहीं होगा। इस अवसर पर विपुल गोयल ने स्कूली बच्चों को उनके सांस्कृतिक कार्यक्रम व दोहों आदि के लिए 1100-1100 रूपये देकर सम्मानित किया। उन्होंने कबीर पंथ समाज के प्रचारक नाटा को भी शॉल ओढ़कर सम्मानित किया। उपायुक्त अतुल कुमार द्विवेदी ने उद्योग मंत्री विपुल गोयल को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उन्होंने संत कबीर दास के बारे में बताया कि जब तक जीवन रहेगा वे हमारे लिए प्रेरणादायक रहेंगे। उन्होंने बताया कि संत कबीर दास ने आध्यात्म की सिद्धियां प्राप्त की थी।

ड्रग के इस्तेमाल से एक व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरे परिवार पर पड़ता है नकारात्मक असर: एस एस बांगा

फरीदाबाद। सार्क चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के जनरल असेंबली मेंबर एस एस बांगा ने कहा कि किसी भी तरह की लत बुरी है। ड्रग सेवन तो अत्यंत खतरनाक है। इससे केवल शरीर ही नहीं खोखला होता है। बल्कि एक पूरी पीढ़ी नकारात्मक दौर में पहुंच जाती है। इससे बचने की आवश्यकता है। इसके प्रति जागरुक होने की भी जरूरत है। जिससे ड्रग लेने की बुरी लत हर उम्र वर्ग के लोग बच सके। वे सेक्टर-58 स्थिति विक्टोरा कंपनी में रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ड्रग एब्यूज डे के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम की निरंतर आवश्यकता है जिससे सभी इसके प्रति जागरुक हो सके इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों को भाग लिया रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव बीबी कथूरिया ने सोसायटी के उद्देश्य से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि समाज इस बुरी लत से पूर्णता मुक्त हो इसमें सभी को आगे आकर सकरात्मक भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। जिससे समाज में किसी भी तरह की बुरी लत न रहे। इसके लिए निरंतर प्रयास करते रहने की भी जरूरत है। मोटिवेटर डॉक्टर एम पी सिंह ने बताया कि अगर हमें इसकी लत पड़ जाए तो हम उसे कैसे छुटकारा पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण में जागरूकता निरंतर फैलाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर और विक्टोरा कंपनी के उच्चाधिकारी मौजूद थे साथ ही नशा मुक्ति केंद्र फरीदाबाद के प्रोजेक्ट डायरेक्टर जगजीत तेवतीआ एवं रेड क्रॉस असिस्टेंट पुरषोत्तम सैनी ने अपने विचार रखे।

मैचिंग ब्लड़ ग्रप न होने पर भी किडनी ट्रांसप्लांट संभव

फरीदाबाद। किडनी फेल होने पर परिवार में मैचिंग डोनर न मिलने पर किडनी ट्रांसप्लांट की दिक्कत परिवार को बेसहारा कर देती है, एक साल से कुछ ऐसा ही महसूस कर रहे थे दिनेश गुप्ता और उनका परिवार! फिर उन्हे पता चला मिसमैच किडनी ट्रांसप्लांट के बारे में, बावजूद इसके उनकी पत्नि को डायबिटीज् होने के कारण वह ट्रांसप्लांट कराने में अस्मर्थ थे, छोटे भाई दिनेश की हालत देख बडी बहन कोमल गुप्ता ने उन्हे किडनी डोनेट करने का फैसला किया ।

एशियन इंसटीटयूट ऑफ मेडिकल साइंसिस के किडनी ट्रांसप्लांट विभाग के डायरेक्टर डॉ रितेश शर्मा ने बताया कुछ साल पहले तक मिसमैच किडनी ट्रांसप्लांट नही होते थे लेकिन पिछले कुछ सालों से मिसमैच किडनी ट्रांसप्लांट अब दिल्ली एनसीआर में होने लगे है ।

क्या है ब्लड ग्रप मिसमैच किडनी ट्रांसप्लांट

डॉ रितेश शर्मा ने बताया मिसमैच किडनी ट्रांसप्लांट में खून में मौजूद प्लाज्मा से एंटीबौडीज कम की जाती हैं आमतौर पर प्लाज्मा एक्सचैज के माध्यम से यह एंटीबौडीज कम की जाती है लेकिन एशियन अस्पताल में इम्यूनोएबजोरबशन की आधुनिक तकनीक के माध्यम से एंटीबौडीज को नैगिटिव किया गया ऐसा करने से किडनी रिजेक्शन का रिस्क नही होता और शरीर अनमैच वाले ब्लड़ की किडनी को स्वीकार कर लेती हैं।

सचिन तंवर जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय सचिव युवा नियुक्त

फरीदाबाद, जून। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा संजय कुमार ने सचिन तंवर को राष्ट्रीय सचिव युवा जदयू नियुक्त किया। नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव तंवर ने अपनी नियुक्ति पर बिहार के मुख्यमंत्री जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, राष्ट्रीय महासचिव संगठन राज्यसभा सांसद आरसीपी सिंह, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार का आभार प्रकट किया।

उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने किया दो दिवसीय रोजगार मेले का उद्घाटन

फरीदाबाद। किसी भी सरकार ने पहली बार में 100 से ज्यादा कंपनियां शिरकत कर रही हैं। उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने बताया की सभी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार 14500 वैकेंसी यहां उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि अपनी योग्यता अनुसार हर उम्मीदवार तीन कंपनियां इंटरव्यू के लिए चुन सकता है । विपुल गोयल ने रोजगार मेले में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया का भी मुआयना किया । साथ ही उन्होंने इंटरव्यू करने आए विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। विपुल गोयल ने कहा कि रोजगार मेले के समापन के अवसर पर 100 से ज्यादा नौकरी देने वाले औद्योगिक संस्थानों को सम्मानित भी किया जाएगा । उन्होंने कहा कि इस तरह के रोजगार मेले युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करते हैं तो साथ ही सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाते हैं ।

फरीदाबाद में इतने बड़े रोजगार मेले का आयोजन किया है और हमारा मकसद कंपनियों और युवाओं के बीच का माध्यम बन कर रोजगार को जरूरतमंदों के द्वार पर लाना है। यह विचार उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने मानव रचना एजुकेशनल इंस्टिट्यूट में दो दिवसीय रोजगार मेले का उद्घाटन करने के बाद व्यक्त किए । रोजगार मेले के पहले दिन 1000 से ज्यादा युवाओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया और इंटरव्यू दिए। इस रोजगार मेले

बेरोजगार युवाओं को रोजगार दे सरकार : धर्मबीर भड़ाना

फरीदाबाद । नगर निगम में लगे 210 सफाई कर्मचारियों को नौकरी से हटाने जाने एवं बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने के प्रयास को लेकर आदर्श कॉलोनी, मुल्ला होटल पर एक वाल्मीकि युवा सामाजिक संगठन की तरफ से अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के तत्वाधान में एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजपाल बेहरोलिया, राष्ट्रीय प्रभारी महासचिव एवं संस्थापक, विशेष मेहमान अतिथि धर्मबीर भड़ाना, अध्यक्ष, बडखल विधानसभा, आप पार्टी, मुख्य वक्ता सुनील कंडेरा, प्रांतीय महामंत्री हरियाणा मुख्य रूप से उपस्थित थे। जबकि मंच संचालन गांव पन्हैड़ा के सरपंच रवि ने किया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजपाल बेहरोलिया ने कहा कि युवाओं को रोजगार देने की बात करने वाली भाजपा सरकार युवाओं का बेरोजगार छीनने का काम कर रही हैए निगम से 210 सफाई कर्मचारियों को बाहर कर दिया गया हैए जोकि सरकार की तानाशाही का सबूत है। विशेष अतिथि धर्मबीर भड़ाना ने इस मौके पर सफाई कर्मचारियों का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। जब सरकार को उनकी जरूरत होती हैए तो उनको नौकरी पर रख लिया जाता है और काम खत्म होने पर उनको बाहर कर दिया जाता है। सरकार प्राईवेट ठेकेदारों को फायदा पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने घोषणा पत्र में युवाओं को रोजगार देने की बात की थीए मगर इसके विपरीत सरकार रोजगार छीनने का काम कर रही है। प्रदेश सरकार की कार्यशैली से युवा, मजदूर, किसान, आम आदमी सभी वर्ग दुखी हैं। मुख्य वक्ता सुनील कंडेरा ने सम्मेलन में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि वाल्मीकि समाज के हक की लड़ाई वो हमेशा लड़ते रहेंगे।

छायाकार : अम्बिका प्रसाद ओझा

सोलर वाटर पम्पिंग सिस्टम के लाभार्थियों के चयन के लिए निकाला जाएगा ड्रॉ

पलवल, जून। अतिरिक्त उपायुक्त श्रीमती अंजू चौधरी ने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, हरियाणा एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जिला के किसानों को खेतों की सिंचाई हेतू वर्ष 2018-19 में 75 प्रतिशत अनुदान पर 5 होर्स पावर व 2 होर्स पावर सबमर्सिबल सोलर पंप सिस्टम उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है। भारत सरकार व हरियाणा सरकार का यह कदम हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा की तरफ है। उन्होंने बताया कि 25 अगस्त 2017 से जिला के किसानों से आवेदन मांगे गए थे, इन आवेदनों में जिन किसानों ने तालाबों से पानी लेते हुए संरक्षित खेती, बागवानी व सुक्षम सिंचाई तकनीक को अपनाया है, उन्हें प्राथमिकता दी गई है। इन 129 आवेदन पत्रों की जांच जिला बागवानी अधिकारी से करवाने पर केवल 16 आवेदन पत्र ही नियमानुसार वरियता श्रेणी के तहत पात्र पाए गए। श्रीमती अंजू चौधरी ने बताया कि जिला में 5 होर्स पावर सबमर्सिबल सोलर पंप सिस्टम के 100 व 2 होर्स पावर सबमर्सिबल सोलर पम्पिंग सिस्टम के 02 एवं 2 होर्स पावर सरफेस सोलर पम्पिंग सिस्टम के 20 किसानों को देने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। प्राप्त आवेदन पत्रों में से 03 जुलाई 2018 को दोपहर 12:00 बजे पलवल के लघु सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित कांफ्रेंस हॉल में ड्रा के माध्यम से 5 होर्स पावर सबमर्सिबल सोलर पम्पिंग सिस्टम के 32 किसानों का चयन किया जाएगा। जिन किसानों ने सोलर वाटर पम्पिंग सिस्टम हेतू आवेदन किए हैं, वे 03 जुलाई 2018 को दोपहर 12:00 बजे पलवल के लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में सादर आमन्त्रित है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से उलझी महिला टीचर

नई दिल्ली। समाचार के अनुसार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के जनता दरबार में एक महिला टीचर उनसे उलझ पड़ी। मुख्यमंत्री से तबादले की अपील करते हुए महिला टीचर काफी आवेश में आ गई, जिसके बाद मुख्यमंत्री भी भड़क गए और महिला को निलंबित करने और हिरासत में लेने का आदेश दे दिया। बाद में महिला को छोड़ दिया गया, लेकिन नौकरी से निलंबित कर दिया गया है। जनता दरबार में पहुंची शिक्षिका उत्तरा बहुगुणा पंत ने कहा कि वह पिछले 25 साल से दुर्गम क्षेत्र में अपनी सेवायें दे रही है और अब अपने बच्चों के साथ रहना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि उनके पति की मृत्यु हो चुकी है और अब वह देहरादून में अपने बच्चों को अनाथ नहीं छोड़ना चाहतीं। उत्तरा ने कहा कि मेरी स्थिति ऐसी है कि ना मैं बच्चों को अकेला छोड़ सकती हूं और ना ही नौकरी छोड़ सकती हूं। मुख्यमंत्री द्वारा यह पूछे जाने पर कि नौकरी लेते वक्त उन्होंने क्या लिख कर दिया था? उत्तरा ने गुस्से में जवाब दिया कि उन्होंने यह लिखकर नहीं दिया था कि जीवन भर वनवास में रहेंगी। इससे मुख्यमंत्री भी आवेश में आ गये और उन्होंने शिक्षिका को सभ्यता से अपनी बात रखने को कहाए लेकिन जब उत्तरा नहीं मानीं तो उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उन्हें तुरंत निलंबित करने और हिरासत में लेने के निर्देश दे दिये। सरकारी सूत्रों ने बताया कि शिक्षिका को मुख्यमंत्री के निर्देश पर निलंबित कर दिया गया है। हालांकि, बाद में उन्हें हिरासत से रिहा कर दिया गया। सरकारी विज्ञप्ति में भी इस घटना का जिक्र करते हुए कहा गया है कि अपने स्थानांतरण के लिए आई उत्तरकाशी की एक प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका ने अभद्रता दिखाई। शिक्षिका से अपनी बात मर्यादित ढंग से रखने का अनुरोध किए जाने पर भी जब शिक्षिका ने लगातार अभद्रता किया तो उक्त शिक्षिका को निलंबित करने के निर्देश दिए गए। गौरतलब है कि उत्तरा बहुगुणा पंत के अलावा कई अन्य सरकारी कर्मचारी भी दुर्गम क्षेत्र से सुगम क्षेत्र में अपने स्थानांतरण की गुहार लगाने जनता दरबार पहुंचे थे, लेकिन मुख्यमंत्री रावत ने साफ किया कि यह कार्यक्रम ऐसी बातों को उठाने के लिए उचित मंच नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसमस्याओं की सुनवाई के दौरान स्थानान्तरण संबंधी अनुरोध बिल्कुल न लाए जाएं।

यंग फॉर इंडिया द्वारा कार्यक्रम आयोजित

फरीदाबाद । यंग फॉर इंडिया द्वारा जीवन के तहत फरीदाबाद स्थित चौहान कॉलोनी में एडवोकेट राजेश खटाना ने एक कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें जाने-माने शिक्षाविद व समाजशास्त्री डॉक्टर MP सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि हमें जीव जंतुओं के जीवन को भी अपने जीवन की तरह मानना चाहिए और आपदा से बचाव के लिए जीव जंतुओं के प्राणों की रक्षा और सुरक्षा करनी चाहिए।

इस अवसर पर डॉक्टर MP सिंह ने एडवोकेट राजेश खटाना की इस सार्थक प्रयास और अच्छी सोच के लिए प्रशंसा की और बधाई दी डॉ MP सिंह ने कहा की यदि इसी प्रकार की सोच समाज के लोगों की हो जाए तो प्रकृति का आनंद लिया जा सकता है ।

अंतर्राष्ट्रीय नशा व मादक पदार्थ निषेध दिवस के अवसर हुआ जागरुकता शिविर

पलवल । जिला कारागार पलवल में पलवल डोनर्स क्लब और महावीर इन्टरनेशनल पलवल ष्उडानष् के सयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय नशा व मादक पदार्थ निषेध दिवस के अवसर पर परिरुद्ध बन्दीयों और कारागर कर्मचारियों को नशा उन्मूलन के लिए जागरुक किया गया। कार्यक्रम में पलवल डोनर्स क्लब के मुख्य संयोजक आर्यवीर लायन विकास मित्तल ने बताया कि 7 दिसम्बर 1987 को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) द्वारा 26 जून को नशीली दवाओं के सेवन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाये जाने की घोषणा की गयी। उन्होंने यह भी बताया कि नशे सें लगभग हर 13 सैकण्ड के बाद एक व्यक्ति की मृत्यु होती है।ये बहुत जरुरी है कि वैश्विक स्तर पर तंबाकू सेवन के प्रयोग पर बैन या इसे रोका जाये क्योंकि ये कई सारी बीमारियों का कारण बनता है जैसे दीर्घकालिक अवरोधक फेफड़ों संबंधी बीमारी (सीओपीडी), फेफड़े का कैंसर, हृदय घात, स्ट्रोक, स्थायी दिल की बीमारी, वातस्फीतिए विभिन्न प्रकार के कैंसर आदि। तंबाकू का सेवन कई रुपों में किया जा सकता है जैसे सिगरेट, सिगार, बीड़ी, मलाईदार तंबाकू के रंग की वस्तु (टूथ पेस्ट), क्रिटेक्स, पाईप्स, गुटका, तंबाकू चबाना, सुर्ती (हाथ से मल के खाने वाला तंबाकू), तंबाकू के रंग की वस्तु, जल पाईप्स, स्नस आदि। इसलिये तंबाकू उत्पादों के इस्तेमाल पर भी रोक लगाने के लिये ये बहुत जरुरी है। महावीर इन्टरनेशनल पलवल "उडान" की चैयरपर्सन वीरा अल्पना मित्तल ने बताया कि ड्रग्स का सेवन या ड्रग्स की लत एक सामाजिक और मनोवैज्ञानिक समस्या है जो न केवल पूरे विश्व के युवाओं को प्रभावित करती है बल्कि विभिन्न आयु के लोगों को भी प्रभावित करती है। यह व्यक्तियों और समाज को कई क्षेत्रों में नष्ट कर देती है। ऐसे ड्रग्स की लत के कारण भूख और वजन, कब्ज, चिंता का बढ़ना और चिड़चिड़ापन, नींद आना और कामकाज की हानि का गंभीर नुकसान होता है।

हरियाणा में इस बार बनेगी इनेलो बसपा गठबंधन की सरकार : अभय चौटाला

छायाकार : अम्बिका प्रसाद ओझा

फरीदाबाद । तिगांव विधानसभा स्प्रिंग फील्ड कॉलोनी में इनेलो पार्टी के प्रमुख अभय चौटाला ने जिला अध्यक्ष देवेंद्र चौहान और प्रदेश प्रवक्ता ठाकुर उमेश भाटी के नेतृत्व में सिध्दार्थ राणा, सतेंद्र राणा, सुदेश सिंह , युधिष्ठर शर्मा , कृष्ण पेहल , करण डंग को हरे रंग का पटका पहनाया और इनेलो पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया। पार्टी में शामिल हुए कार्येकर्ताओं ने श्री चौटाला को सभी ने विश्वाश दिलाया की वह पार्टी में पूरी निष्ठा, ईमानदारी व लगन से कार्य करते हुए पार्टी को शिखर तक पहुंचाने का काम करेंगे। इस अवसर पर अभय चौटाला ने कहाकि इस बार हरियाणा में इनेलो बसपा गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इस पार्टी की खासियत यह है की यहाँ कार्यकर्त्ता व पदाधिकारियों को पूरा मान सम्मान दिया जाता है। इनेलो पार्टी कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी एक परिवार के रूप के पार्टी में कार्य करते है। इनेलो अपने चुनाव चिन्ह जोकि चश्मा है से सभी को एक समान रूप से देखती है। इस अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र चौहान और प्रदेश प्रवक्ता ठाकुर उमेश भाटी ने संयुक्त रूप से कहाकि भाजपा और कांग्रेस पार्टी केवल घोषणाओं की सरकार है। दोनो पार्टियों के पास न कोई एजेंडा है, वह तो केवल कागजों में ही विकास दिखा कर लोगों को भ्रमित करने का काम कर रहे है। उन्होंने कहाकि चुनावों को नजदीक देखकर भाजपा व काग्रेंस अनाप-शनाप बयानबाजी पर उतर आई है ओर लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है । प्रदेश में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है, कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। इस मौके पर प्रताप सिंह, पवन रावत, जगजीत पन्नू, अमर नरबत, तेजपाल डागर, अजय भड़ाना, डाक्टर करण सिंह, दुर्गपाल रावत, अमर दलाल, अजीत कादयान, सुरेंद्र तंवर, दीपक चौहान आदि मौजूद थे।

स्पेशल सैल सै0 85 ने किया चेन स्नैचिंग करने वाले गिरोह का भंडाफोड

फरीदाबाद, जून। श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमिताभ सिंह ढिल्लो व डीसीपी क्राइम श्री लोकेंदर सिंह के दिशा निर्देश पर कार्यवाही करते हुए स्पेशल सैल सेक्टर-85 फरीदाबाद प्रभारी इंस्पेक्टर राजेंदर सिंह व उनकी टीम के एसआई शेर सिह, एसआई राजेन्द्र, एएसआई सुरेन्द्र सिंह, कृष्ण कुमार, एचसी राकेश कुमार, कुलदीप सिंह, सि0 सन्दीप, रविन्द्र, सुरेन्द्र, जगदीप, सोनू, ने कटटे की नोक पर ताबडतोड स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले बाईकर को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है।

पकडे गए आरोपी का विवरण:.

नरेन्द्र उर्फनीरज ठाकुर पुत्र सुरेश निवासी गांव राल थाना वृन्दावन जिला मथूरा यू0पी0।

प्रभारी स्पेशल सैल सेक्टर 85 ने बताया कि विशेष सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर उपरोक्त आरोपी का एक साथी जयवीर उर्फ कालु को दिनांक 24/05/18 को गिरफ्तार कर लिया था तथा दुसरा हारड कोर आरोपी नेरन्द्र उर्फनीरज ठाकुर पुत्र सुरेश जो कि फरार

छायाकार : अम्बिका प्रसाद ओझा

चल रहा था को भी गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। दोनों आरोपियों से थाना से0 07 की 3, थाना शहर बल्लबगढ की 1, थाना एसजीएम नगर की 1, थाना तिगांव 1, थाना, कोतवाली की 1, ओल्ड की 1, सूरजकुंड की 1, सराय ख्वाजा की 1, सैन्ट्रल थाना की 1 वारदात सुलझाने में कामयाबी हासिल की है। व थाना शहर बल्लबगढ की चोरी की एक वारदात सुलझाई गई है। आरोपी नरेन्द्र उर्फ नीरज ठाकुर पुलिस से बचने के लिए बार-बार ठिकाने बदल रह रहा था जो मथुरा, आगरा, कोसी, पलवल, बल्लबगढ व फरीदाबाद ठिकानो पर रह रहा था जिसको गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक कटटा देशी व 5 रोंद एक वृन्दावन से लूटी कार करेटा व एक अपाचे वाईक बरामद की है। और आरोपी के खिलाफथाना एसजीएम नगर में मु0न0 320 दिनांक 24/06/18 धारा शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज किया गया है। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि अपाचे बाईक शहर बल्लबगढ से चोरी कर रखी थी तथा करीब 11 स्नैचिंग की वारदातो अंजाम देना कबूल किया है। प्रभारी स्पेशल सैल ने बताया कि आरोपी नीरज ठाकुर एक सातिर किस्म का आरोपी है जिस पर लूट व स्नेचिंग के करीब 40 मुकदमे दर्ज है। जो मथुरा जेल से दिनांक 31/03/18 को बहार आया था जो बहार आने के बाद फरीदाबाद मे अपने दोस्त के साथ मिलकर करीब 11 चैन स्नेचिंग वारदतो को अंजाम देने बारे कबूल किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी नीरज ठाकुर का 5 दिन पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है उससे और भी वारदात सुलझने की संभावना है। आरोपी नीरज ठाकुर से एक देशी कटटा व 5 जिन्दा कारतूस, क्रेटा कार लूटी हुई, वारदात में प्रयोग मोटरसाईकल अपाचे चोरी शुदा बरामद की है।

प्रकाशक, मुद्रक व स्वामी शिवकुमार ओझा अकेला प्रिन्टर्स में छपकर कार्यालय अकेला प्रिन्टर्स प्लाट नं0 3, नई अग्रवाल धर्मशाला के पीछे, लायन्स क्लब रोड़, फरीदाबाद शहर से प्रकाशित ।

सभी न्यायिक विवादों का क्षेत्र केवल फरीदाबाद न्यायालय ही होगा।

मो0:9650753026, 9891990785

रक्तदान महादान

सुदेश चन्द कपिल
निखिल कपिल
9873001925
9810860020
कपिल टेलर्स
Spl. in : Men's Wear
l jkQk ckt kj] [k=hokMk] vkYM Qjhnkckn

AA jk/kk&Lokeh AA
4076570
2297569
(R) 4048699
जय दुर्गे ज्वैलर्स
916 BIS Approved Hall Mark Jewellery Showroom
Auth. Dealer : NAKSHTRA DIAMOND JEWELLERY
मै० श्यामलाल बलदेव राज
यहां पर सोने, चांदी व हीरे के फैन्सी आभूषण तैयार मिलते हैं।
मेन बाजार (नजदीक पोस्ट ऑफिस) फरीदाबाद शहर

कमल बुक डिपो
राजकीय कॉलेज के सामने, फरीदाबाद
बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम., एम.ए., एम.कॉम., जे.बी.टी., बी.एड. और कज़्प्यूटर की किताबों के लिए पधारें ।
कालेज व कज़्प्टीशन की पुस्तकों के प्रमुख विक्रेता स्टेशनरी एवं जनरल ऑर्डर भी सप्लाई किये जाते हैं ।
बिका हुआ माल वापिस नहीं होगा और ना ही बदला जाएगा
प्रो0 विनोद कुमार

Sudesh Chand Kapil
Gaurav Kapil
M. : 9910510105
SHREE GANESH JEWELLERS
Exclusive Range of 23ct.
GOLD & SILVER JEWELLERY
Birth Stone Also Available
Saraffa Bazar, Main Market, Old Faridabad

सैक्टर-19 वालों की दुकान
0129-4076580
9810066570
SHYAM JEWELLERS
Hall Mark Jewellery Showroom
APPROVED
सोने, चांदी व हीरे के फैन्सी आभूषण
के निर्माता व विक्रेता
7/44, Main Bazar, Old Faridabad-121002